an>

Title: Regarding situation arising due to lower subsidy on solar Pumps.

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** मानननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूँ।

भारत सरकार की राष्ट्रीय कृषि विकास योजना व जवाहरलाल नेहरू सोलर मिशन के तहत सरकार द्वारा किसानों को वर्ष 2014-15 से पहले जो सोलर पंप लगाने के लिए 86 पर्सेंट सब्सिडी प्रदान की जा रही थी और सोलर पंप की कॉस्ट पाँच लाख रुपए की थी। सरकार को किसानों को इसके पार्ट्स के लिए 70 हजार रुपए का भुगतान करना होता था, पर इसके बाद सब्सिडी को घटा दिया गया है, इसे 70 प्रतिशत कर दिया गया है। उसके बाद किसानों पर जो 1.74 लाख रुपए का जो कॉस्ट आया है, किसानों की हालत वैसे भी बहुत खराब है, वे इतनी बड़ी राशि जमा कराने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए मैं सरकार से यह विनती करता हूँ कि इसे वैसे का वैसा रखा जाए।

इसी प्रकार से हमारे लोक सभा क्षेत्र में और राजस्थान के अन्य इलाकों में जो सिंचित एरिया है, वहाँ डिग्गी बनाने के लिए 50 पर्सेंट की सब्सिडी थी, उसे घटाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार से मेरी मांग है कि इसे यथावत रखा जाए।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri P.P. Chaudhary is permitted to associate with the matter raised by Shri Rahul Kaswan.